AND BROADCASTING (PROF K. K. TEWARY); (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

सिगरेट तथा शराब बनाने वाली कंपनियों के विज्ञापनों का टेलीविजन पर प्रसारित किया जाना

1274. श्री सन्तोष बागड़ोदिया : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शराब तथा सिगरेट बनाने वाली कंपनियों के विज्ञापन टेलीविजन पर प्रसारित नहीं किये जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि "अंडे हो या अंडे खूब खाओ अंडे" का विज्ञापन प्रसारित किया जा रहा है ;

(घ) यदि हां, तो क्या इस विज्ञापन से करोड़ों शाकाहारी लोगों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती है ;

(ङ) क्या सरकार इस विज्ञापन के प्रसारण को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० के०के० तिवारी) : (क) शराब तथा तम्बाकू उत्पादनों के विज्ञापन दूरदर्शन पर नहीं दिखाए जाते हैं ।

(ख) उन उत्पादनों को सरकारी माध्यमों पर विज्ञापित न करने की सरकार की नीति है जिनका उपयोग करना वैज्ञानिक दृष्टि से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्रमाणित किया गया हो ।

(ग) और (घ) निर्धारित नियमावली के अनुसार दूरदर्शन पर विज्ञापन दिए जाते हैं । जब तक यह सिद्ध नहीं हो जाता है कि किसी वस्तु विशेष का उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और यदि वह नियमावली के अनुसार है, तो उसके विज्ञापन पर रोक नहीं लगाई जाती है । इस आधार पर अंडों के विज्ञापन दूरदर्शन पर दिखाए जा रहे हैं ।

(ङ) और (च) उपर्युक्त कारण से अंडों के विज्ञापनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव नहीं है।

Ban on official coverage of State functions of Tamil Nadu Government

1275. SHRI PARVATHANENI UPENDRA will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state;

(a) whether the Tamil Nadu Government has barred the presence of Doordarshan at the official functions of the State Government;

(b) if so, the reasons for this drastic decision of the State Government; and

(c) the steps taken by Government to remove the grievances of the State Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (PROF. K. K. TEWARY): (a) Yes, Sir. For a brief period Doordarshan crews were not allowed to cover some functions of State Government of Tamil Nadu.

(b) and (c) Doordarshan was accused of giving inadequate coverage to the ruling Party of the State and State Government activities. The factual position was explained to the Government of Tamil Nadu and misunderstanding has been removed, the problem hag been resolved.